कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

E-mail- cgvyapam19@gmail.com Website- cgvyapam.choice.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2019 / 1906 रायपुर, दिनांक 03/08/2019

प्रेस विज्ञप्ति

सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (कला समूह एवं विज्ञान समूह) (SEAE19) एवं शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (SETE19) भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालक, लोक शिक्षण, छ.ग. के प्रस्ताव पर सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (कला समूह एवं विज्ञान समूह) (SEAE19) भर्ती परीक्षा एवं शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (SETE19) भर्ती परीक्षा का आयोजन **दिनांक 11 अगस्त 2019, रविवार** को दो पालियों में किया जायेगा । प्रथम पाली में **पूर्वान्ह 9:00 से 12:15 बजे तक** सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (कला समूह एवं विज्ञान समूह) (SEAE19) भर्ती परीक्षा एवं द्वितीय पाली में **अपरान्ह 2:00 से 5:15 बजे तक** शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (SETE19) भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

उपरोक्त परीक्षाओं के प्रवेश पत्र व्यापम के वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर **दिनांक 03.08.2019 से अपलोड कर दिया गया है** । अभ्यर्थी **दिनांक 03.08.2019 से 08.08.2019 को रात्रि 11:59 बजे तक** प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं । ऑनलाइन आवेदन करते समय प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर एवं जन्मतिथि को एंटर कर अभ्यर्थी इंटरनेट से परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे । परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दिया जा सके । यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में जावें । परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जावें । परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे –मतदाता पहचान पत्र / ड्रायविंग लायसेंस / पेन कार्ड / आधार कार्ड (ई–आधार कार्ड भी मान्य) / पासपोर्ट / महाविद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र / फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

PC

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर